प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1520बजे

प्रधानमंत्री आदमपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह पंजाब में आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा किया और वीर जवानों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने जवानों के शौर्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में नरेंद्र मोदी ने कहा कि साहस, संकल्प औरनिर्भयता के प्रतीक जवानों के बीच में होना उनके लिए बहुत ही विशेष अनुभव है। उन्होंने कहा कि भारत के सशस्त्र बल जो भी राष्ट्र के लिए कर रहे हैं, भारत उसका हमेंशा ऋणी रहेगा। प्रधानमंत्री का यह दौरा पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सिलसिले में हुआ है। भारत ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में अनेक आतंकी शिविरों को नष्ट किया और इस दौरान सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जवानों की हौंसला अफजाई की।

कल राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत का दृण संकल्प व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि भारत पर किसी भी आतंकी हमले का जवाब पूरी मजबूती के साथ दिया जायेगा और भारत परमाणु धमकियों से डरने वाला देश नहीं है।

जम्मू–कश्मीर गोलीबारी

जम्मू–कश्मीर में शोपियां जिले में शुक्रू केलर जंगल इलाके में आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में तीन आतंकवादी मारे गए। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी. के. बिरदी ने आकाशवाणी को बताया कि मारे गए आतंकवादी लश्कर ए तैयबा या टीआरएफ गुट के हो सकते हैं। इनकी पहचान की जा रही है। इससे पहले पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त दलने इस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर तलाशी अभियान और घेराबंदी शुरू की। इस अभियान के दौरान आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया।

भाजपा– तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज से देशभर में 11 दिवसीय तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व और

सशस्त्र बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को बताया जाएगा। 23 मई तक चलने वाली इस यात्रा में समाज के प्रमुख सदस्य, पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हो रहे हैं।

अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में हरोली विधानसभा क्षेत्र के घायल दो वीर जवानों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि सिख रेजीमेंट में तैनात छेत्रा गांव के गुरनाम सिंह और बीएसएफ में तैनात बाथू गांव के ब्यास देव ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की गोलीबारी में घायल हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों जवानों की हर प्रकार की मदद प्रदेश सरकार और प्रशासन की ओर से की जाएगी।

सीबीएसई परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने आज 12वीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष 12वीं कक्षा के 88 दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत अधिक है। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। 91 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की जो कि लड़कों के मुकाबले पांच दशमलव नौ–चार प्रतिशत अधिक है। ट्रांसजेंडर छात्रों ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। इस वर्ष कुल 16 लाख 92 हजार सात सौ 94 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी।

दसवीं कक्षा के 93 दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य–छह प्रतिशत अधिक है। दसवीं की परीक्षा में भी लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बाजी मारी है। 95 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की जो कि लड़कों के मुकाबले दो दशमलव तीन–सात प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष कुल 23 लाख 71 हजार नौ सौ 39 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

परीक्षा के परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखे जा सकते हैं।

उड़ानें

एयर इंडिया ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनज़र जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से प्रस्थान और आगमन करने वाली उड़ान सेवाएं आज के लिए रद्द कर दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में एयर इंडिया ने कहा कि स्थिति की निगरानी की जा रही है और इसके

बारे में यात्रियों को तुरंत सूचित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए यात्री एयरलाइन से संपर्क कर सकते हैं और वेबसाइट देख सकते हैं।

इस बीच शिमला के जुब्बड़हट्टी हवाई  अड्डे से आज से हवाई उड़ाने शुरू हो गई हैं।